छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड

मेडिकल कालेज रोड, रायपुर (छ.ग.) 492001
फोन एवं फैक्स : 0771-2522056, ई-मेल:cgvanoushadhiboard@yahoo.co.in, website:cgvanoushadhi.gov.in

पत्र क्र./स्थापना/ 259 रायपुर, दिनांक 23/5/2015

प्रति,

राज्य सूचना अधिकारी
राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (NIC)
छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्र
AD-II/14, Admin Block,
मंत्रालय महानदी भवन
नया रायपुर ।

विषयः- संविदा पदों की पूर्ति हेतु आमंत्रित विज्ञापन को छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड की बेबसाइट एवं छत्तीसगढ़ शासन की बेबसाइट में अपलोड करने बाबत् ।

---000---

विषयांतर्गत लेख है छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड राज्य शासन की एक शासकीय संस्था है । छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड अंतर्गत संचालित कैम्पा पोषित योजनांतर्गत, संविदा के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन आमंत्रित किये जा रहे हैं ।

अतः आपसे लेख है छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड की बेबसाइट www.cgvanoushadhi.gov.in एवं छत्तीसगढ़ शासन की बेबसाइट पर, संलग्न विज्ञापन अन्य उपबन्ध व शर्तें तथा आवेदन पत्र को अपलोड करने का कष्ट करें ।

संलग्न 1. विज्ञापन (01 पृष्ठ)
2. अन्य उपबन्ध एवं शर्तें (01 पृष्ठ)
3. आवेदन पत्र (02 पृष्ठ)
(कुल 04 पृष्ठ साफ्ट एवं हार्डकापी)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड, रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड

मेडिकल कालेज रोड, रायपुर (छ.ग.)–492001

फोन व फैक्स :0771–2522056, e-mail:cgvanoushadhiboard@yahoo.co.in, website:www.cgvanoushadhi.gov.in

संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड कार्यालय के अंतर्गत संचालित कैम्पा पोषित परियोजना "Mainstreaming Conservation and Sustainable Use of Medicinal Plants Diversity in the State of Chhattisgarh" में एक वर्ष के संविदा (Contract basis) पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं । पदों का विवरण एवं शैक्षणिक योग्यता का विवरण निम्नानुसार है :–

क्र	पद का नाम	एकमुश्त मासिक वेतन	शैक्षणिक योग्यता/अनुभव
1	परियोजना समन्वयक Project Coordinator (01पद, अनारक्षित)	रु.30,000/–	1 **न्यूनतम अर्हता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से M.Sc. in Botany/ M.Sc. in Forestry/ M.Sc. in Agro-Economics/ M.A. in Environmental Economics or MBA(Agro Marketing) की परीक्षा न्यूनतम 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण एवं पी.एच.डी. अनिवार्य। • अंग्रेजी, हिन्दी व कम्प्यूटर संचालन (अंग्रेजी टायपिंग सहित) का पर्याप्त ज्ञान । 2. परियोजना संचालन का अनुभव रखने वाले एवं औषधीय पौधों से संबंधित कार्य का अनुभव व ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी ।
2	सहायक परियोजना समन्वयक Assistant Project Coordinator (01पद, अनारक्षित)	रु.18,000/-	1. **न्यूनतम अर्हता** – किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से M.Sc. in Botany/M.Sc. in Forestry/ M.Sc Anthropology/ M.Sc. in Agro-Economics/M.A. in Environmental Economics or MBA (Agro Marketing) /Master of Social Work की परीक्षा न्यूनतम 60% अंकों के साथ उत्तीर्ण । • अंग्रेजी, हिन्दी व कम्प्यूटर संचालन (अंग्रेजी टायपिंग सहित) का पर्याप्त ज्ञान । 2. परियोजना संचालन का अनुभव रखने वाले एवं औषधीय पौधों से संबंधित कार्य का अनुभव व ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी

उक्त पदों हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा। यदि अभ्यर्थी दोनों पदों हेतु आवेदन करना चाहते हों तो वे प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र दें । उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र एवं आवेदन शर्ते एवं अन्य उपबंध संबंधी जानकारी वेबसाईट www.cgvanoushadhi.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं अथवा बोर्ड कार्यालय में कार्यालयीन दिवस पर समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं । आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2015 की सायं 5:00 बजे तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड, मेडिकल कॉलेज रोड, रायपुर के पते पर स्वयं के द्वारा अथवा डाक द्वारा भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि व समय के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड कार्यालय को प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक व अन्य योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड
मेडिकल कालेज रोड, रायपुर (छ.ग.)–492001
फोन व फैक्स :0771–2522056, e-mail:cgvanoushadhiboard@yahoo.co.in, website:www.cgvanoushadhi.gov.in

संविदा पद - परियोजना समन्वयक / सहायक परियोजना समन्वयक हेतु
अन्य उपबन्ध व शर्तें :-

1. संविदा नियुक्ति केवल एक वर्ष के लिए होगी उसके पश्चात स्वमेव समाप्त हो जावेगी । आवश्यकता एवं कार्यक्षमता के आधार पर ही बोर्ड द्वारा अवधि बढ़ाई जा सकती है ।
2. संविदा नियुक्त कर्मचारी को शासन द्वारा निर्धारित एकमुश्त वेतन के अलावा कोई अन्य भत्ता अलग से देय नही होगा ।
3. 1 वर्ष के लिए संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा संविदा नियम 2012 के तहत होगी एवं नियुक्त कर्मचारी छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 से शासित होंगे ।
4. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक व अन्य योग्यता चाहे गये संबंधी प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा (10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर के मार्कशीट की सत्यापित प्रति एवं पी.एच.डी. प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति) ।
5. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ फोटो युक्त पहचान पत्र (आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड आदि) की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
6. आवेदक को छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है ।
7. यदि अभ्यर्थी दोनों पदों हेतु आवेदन करना चाहते हों तो वे प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन पत्र दें । एक आवेदन पत्र केवल एक ही पद हेतु मान्य किया जावेगा । यदि एक ही आवेदन पत्र में दोनों पदों का उल्लेख किया गया है तो संबंधित आवेदन अमान्य भी किया जा सकता है ।
8. परियोजना संचालन में अनुभव रखने वाले एवं औषधीय पौधों के क्षेत्र में कार्य का अनुभव एवं ज्ञान रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी ।
9. पत्राचार हेतु आवेदन पत्र के साथ 9" X 4" का स्वयं का पता लिखा एक लिफाफा संलग्न करें ।
10. आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए ।
11. आवेदन, बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप पर मान्य होगा । आवेदन पत्र कार्यालय की बेबसाइट www.cgvanoushadhi.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं तथा छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड कार्यालय में कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं । आवेदन पत्र दिनांक 25.06.2015 की सायं 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के पते पर कार्यालय दिवस पर स्वयं जमा करवाये जा सकता है । आवेदन पत्र डाक से भी अधोहस्ताक्षरकर्ता के पते पर भेजा जा सकता है लेकिन निर्धारित तिथि व समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे ।
12. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे । अमान्य किये गये आवेदन पत्रों के लिए कोई पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी ।
13. किसी भी पद हेतु आवेदकों की संख्या अत्यधिक होने की स्थिति में स्नातकोत्तर में प्राप्त अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेत शार्ट लिस्ट किया जावेगा एवं तदानुसार चुने गये उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार की तिथि एवं स्थान की सूचना ई-मेल/डाक से दी जावेगी । साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, अन्य योग्यता एवं अनुभव से संबंधित मूल प्रमाण-पत्र लाने होंगे । साक्षात्कार में उपस्थिति हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा ।
14. चयन प्रक्रिया के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड बिना कोई कारण बताए सभी पदों को भरने अथवा भरे जाने वाले पदों की संख्या में परिवर्तन करने अथवा किसी भी पद को निरस्त करने अथवा यहाँ तक कि भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड,
मेडिकल कॉलेज रोड, देवेन्द्र नगर चौक,
रायपुर (छ.ग.) - 492001

छत्तीसगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड
मेडिकल कालेज रोड, रायपुर (छ.ग.)–492001
फोन व फैक्स :0771–2522056, e-mail:cgvanoushadhiboard@yahoo.co.in, website:www.cgvanoushadhi.gov.in

आवेदित पद - ..... (पद का उल्लेख करें)

आवेदन पत्र

हाल ही में खींचा गया पासपोर्ट साईज का सत्यापित फोटो चस्पा करें

1.	आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में)	:	.....
	(अंग्रेजी में)	:	.....
2.	पिता/पति का नाम	:	.....
3.	राष्ट्रीयता	:	.....
4.	स्थाई पता	:	....
5.	पत्र व्यवहार का पता	:	.... फोन/मो. नं..... ई-मेल :
6.	जन्मतिथि : अंको में (जन्मतिथि के संबंध में जन्मप्रमाण पत्र अथवा हाईस्कूल प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)	: :	..... शब्दों में .....
7.	01.01.2015 को आयु	:	वर्ष ..... माह ..... दिन .....
8.	शैक्षणिक योग्यता/व्यवहारिक योग्यता :-	:	.....

क्र.	परीक्षा का नाम	बोर्ड/वि.वि. का नाम	विषय	उत्तीर्ण वर्ष	श्रेणी	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
01.	हाईस्कूल (10वीं)					
02.	हायरसेकण्ड्री (12वीं)					
03.	स्नातक					
04.	स्नातकोत्तर					
05.	पी.एच.डी.					
06.	अन्य योग्यता					
	उपरोक्त शैक्षणिक व अन्य योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।					

9. कार्यानुभव :- : .....

क्र.	संस्था का नाम	जिस पद पर कार्य किया हो	कार्यावधि
	संस्था द्वारा प्रदाय किये गये कार्य अनुभव की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।		

10. संलग्नकों की सूची :-

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापित पात्रता एवं उक्त पद हेतु उपबन्ध व शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है तथा इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण एवं सही है एवं आवेदित पद के लिए मैं निर्धारित योग्यता रखता/रखती हूँ । मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य पाये जाने पर उक्त पद के लिए मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त कर मेरे विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है एवं मुझे कोई सूचना दिये बिना मेरी सेवायें समाप्त की जा सकती है ।

स्थान :- .....
दिनांक :- .....

आवेदक का नाम, पूर्ण हस्ताक्षर
पता -